
# नाना के दीन की हिफाजत करने वाले इमाम हुसैन की याद में निकला ताजिये का जुलूस

## जगह-जगह लंगर, शर्बत, ढोल अखाड़ों ने दिखाए करतब


**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 26 जून । अल्लाह रब्बुल इज्जत के महबूब नबी इस्लाम धर्म के अखिरी पैगम्बर हजरत मुहम्मद सल्ललाहो अलैहे वसल्लम के नवासे करबला के जंगी मैदान में अपने आल ( परिवार ) के साथ शहादत देने वाले शहीदे आजम हजरत इमाम हुसैन रजि अल्ला तआला अन्हो की याद में कल देर रात सभी ताजिया चौको पर ताजिया रख कर फातिहा दरूद किया गया .**

मोहर्रम का मुख्य जुलूस बाद नमाज नमाज अश्र शाम 05 बजे से प्रारम्भ हुआ सभी ताजिया ढोल अखाड़ा गिरो अलम के साथ अपने-अपने चौको से चलकर शाहभोलन सिटी कोतवाली पहुचे तथा वहां हाजिरी के बाद मुख्य जुलूस फोर्ट रोड अशोक बाबा सिंधी चौराहा, स्टेचू चौराहा, प्रकाश चौराहा होकर छोटी दरगाह शरीफ पहुंचा उक्त आशय की जानकारी प्रेस को जारी करते हुए कमेटी के सरपरस्त एवं प्रवक्ता एड0 महमूद खान ने बताया कि छोटी दरगाह में अखाड़ो के नौजवानो ने जोरदार खेल का प्रदर्शन कर करबला की जंग की याद को ताजा कर दिया। इस मौके पर ढोल अखाड़ा, गिरोह पार्टियों ने भी अपने फन का इजहार किया। छोटी दरगाह में जिला मोहर्रम कमेटी के अध्यक्ष इकबाल खान, इंतजामिया कमेटी छोटी दरगाह कमेटी के अध्यक्ष अनस अब्बासी एवं मोहर्रम कमेटी के पदाधिकारियों ने ताजियादारो का इस्तकबाल कर उन्हे चादर तबरूक देकर कर्बला शरीफ के लिये रवाना किया। यहां से बिछिया की ताजिया धोबिया टंकी गुढ़ चौराहा होकर बिछिया कर्बला की ओर रवाना हुई तथा शहर की बांकी ताजिया ढोल, गिरोह अलम कर्बला शरीफ बड़ी दरगाह पहुचे, जहां ताजिये के बिस्तार को कर्बला में ठंडा किया गया तथा फातिहा पढ़ी गई, उल्लेखनीय है कि यहां तर्बरूख के रूप में चटनी रोटी दी जाती है जिसे पाने के लिये हजारो की संख्या में महिला पुरूष एकत्र रहे। छोटी दरगाह में कार्यक्रम का संचालन जिला मोहर्रम कमेटी के प्रवक्ता एड0 महमूद खान एवं शहीद अंसारी ने किया, आज सुबह से ही मोहर्रम यौमे आसूरा के मौके पर जगह-जगह मिलाद, शरबत, लंगर का एहतमाम किया गया तथा जिक्रे हुसैन की महफिले सजाई गई। मुस्लिम भाइयों ने आज पहले जुमे की नमाज अदा की तथा फिर यौमे आसूरा की दो रकात नफिल नमाज भी अदा की तथा दुआ मांगी। शहर के साथ रीवा जिले के कस्बाई इलाको में भी मोहर्रम का त्योहार पूरी अकीदत मंदी के साथ मनाया गया।

जुलूस में लगभग 80 ताजिया, 15 ढोल, 04 अखाड़े, 12 गिरोह एवं अलम के साथ 25 हजार लोगो ने शिरकत की। त्योहार के मौके पर जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन, नगर निगम प्रशासन सहित सभी विभागो द्वारा आवश्यक प्रबंध किये गये थे। मोहर्रम का त्योहार शान्ति एवं सदभाव पूर्वक सम्पन्न होने पर जिला मोहर्रम कमेटी के अध्यक्ष इकबाल खान, कार्यकारी अध्यक्ष वसीम अब्बासी, एड0 रियाजुद्दीन डब्बू, अरबाज अहमद, सरपरस्त एवं प्रवक्ता एड0 महमूद खान, सचिव मो0 अज़ीम, मोहर्रम कमेटी बिछिया के अध्यक्ष तारिफ खान, बड़ी दरगाह अमहिया के अध्यक्ष इकबाल खान चॉद, आफताब आलम, जिला मोहर्रम कमेटी के उपाध्यक्ष शेर खान, मुनाफ खान, मोइनुद्दीन शेख, अरशद अब्बासी, शेख एखलाख, राशिद खान प्रोमिश, मोहम्मद अली, मोहम्मद वसीम उर्फ मून, सलमान अंसारी, मीडिया प्रभारी शाहिद अंसारी, कोषाध्यक्ष द्वय शकील खान एवं कमर रब्बानी, सह सचिव मेराज सौदागर, मोहम्मद जाफर (राजू तेली), शाहिद अंसारी, अरमान अहमद, बादशाह खान, हसनैन अंसारी (चोटी), आदिल मंसूरी, तुफैल अहमद, फहीम (खान), मुस्तुफा अब्बासी, आदि ने जुलूस का नेतृत्व किया एवं जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन, नगर निगम प्रशासन, मीडिया सहित सभी हिन्दू मुस्लिम भाइयों के प्रति शुक्रिया का इजहार किया है।

# कांग्रेस ने 'छात्रों की गूंज' के जरिए समस्याओं को दी आवाज

## जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण एवं शहर के संयुक्त तत्वावधान में वृंदावन मैरिज गार्डन में आयोजन

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 26 जून। जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण एवं शहर के संयुक्त तत्वावधान में वृंदावन मैरिज गार्डन में 'छात्रों की गूंज' संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण के साथ हुई। इस दौरान हृश्वश्वज्ञ सहित विभिन्न भर्ती परीक्षाओं में पेपर लीक, परीक्षा प्रणाली की पारदर्शिता और युवाओं के भविष्य से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई।**

कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि लगातार हो रही परीक्षा अनियमितताओं से लाखों विद्यार्थियों का भविष्य प्रभावित हुआ है। विपक्ष के नेता राहुल गांधी द्वारा कोटा में छात्रों से किए गए संवाद का वीडियो भी प्रदर्शित किया गया, जिसमें उन्होंने हृश्वश्वज्ञ पेपर लीक और परीक्षा प्रणाली की खामियों पर चिंता व्यक्त की थी। वक्ताओं ने आरोप लगाया कि युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ हो रहा है और दोषियों पर कठोर कार्रवाई की जानी चाहिए। पूर्व राज्यसभा सांसद राजमणि पटेल ने शिक्षा नीति पर सवाल उठाते हुए इसे सुधारने की आवश्यकता बताई। वहीं रीवा महापौर अजय मिश्रा 'बाबा' ने परीक्षा घोटालों के दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग करते हुए युवाओं से अपने अधिकारों के लिए संगठित होने का आह्वान किया। कार्यक्रम में चिकित्सक डॉ. विवेक पांडेय ने वर्ष 2024 की हृश्वश्वज्ञ परीक्षा के अनुभव साझा करते हुए परीक्षा प्रक्रिया में सामने आई गंभीर कमियों और अनियमितताओं का उल्लेख किया। संवाद में विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों ने भी अपने सुझाव रखे तथा शिक्षा व्यवस्था और परीक्षा एजेंसियों में पारदर्शिता एवं सुधार की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम में कांग्रेस पदाधिकारी, छात्र संगठन के प्रतिनिधि, शिक्षाविद, अभिभावक एवं बड़ी संख्या में छात्र उपस्थित रहे।

### प्रतियोगी परीक्षा में सफल होने पर मिलता है प्रतिभा योजना का लाभ

**रीवा 26 जून.** अनुसूचित जनजाति वर्ग के सभी विद्यार्थियों को राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं जैसे जेईई, क्लैट, एनआईटी, एम्स, एनडीएम, एफडीडीआई, एनआईएफटी, आईआईएचएस तथा नीट में सफलता प्राप्त करने पर योजना का लाभ दिया जाता है। इसका लाभ उठाने के लिए पात्र विद्यार्थी एमपी टास पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं। प्रतियोगी परीक्षा जेईई में सफल होकर आईआईटी में प्रवेश लेने पर 50 हजार रुपए तथा एम्स में प्रवेश लेने पर 50 हजार रुपए की आर्थिक सहायता दी जाती है। इसी तरह एनडीए और क्लैट में सफलता प्राप्त करने पर भी अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थियों को 50 हजार रुपए की सहायता दी जाती है।

# नामदेव समाज की सामाजिक समरसता एवं आरती आज

## परनिर्वाण दिवस की तैयारियों पर होगी विशेष चर्चा

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 26 जून. नामदेव समाज जिला रीवा द्वारा कमेटी सदस्य शेखर नामदेव के आयोजन में सामाजिक समरसता एवं संत नामदेव महाराज की आरती का आयोजन शनिवार, 27 जून को दोपहर 3:30 बजे से शाम 6:00 बजे तक हनुमान वाटिका मैरिज गार्डन, संजय नगर मोड़, नए बस स्टैंड के आगे, रीवा में किया जाएगा।**

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती सुमन नामदेव, महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी होंगी। विशिष्ट अतिथियों के रूप में रमाकांत नामदेव, सेवानिवृत्त कार्यपालन यंत्री (सिंचाई विभाग) एवं डॉ. दिलीप नामदेव, सेवानिवृत्त आर्मी अधिकारी उपस्थित रहेंगे। इसके अलावा रीवा नामदेव समाज के सभी वरिष्ठजन एवं समाजबंधु अतिथि के रूप में शामिल होंगे। कार्यक्रम में उपस्थित सभी समाजजनों का संत नामदेव महाराज के छायाचित्र अंकित अंगवस्त्र पहनाकर सम्मान एवं अभिनंदन किया जाएगा। इसके पश्चात संत शिरोमणि नामदेव महाराज के जीवन, आदर्शों एवं सामाजिक समरसता के संदेश पर विचार-विमर्श किया जाएगा। बैठक में आगामी 12 जुलाई को आयोजित होने वाले संत नामदेव महाराज के परनिर्वाण दिवस के आयोजन को अंतिम रूप देने एवं उससे संबंधित तैयारियों पर विशेष चर्चा भी की जाएगी। रीवा नामदेव समाज ने सभी समाजजनों से आग्रह किया है कि वे अधिक से अधिक संख्या में अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कर कार्यक्रम को सफल एवं भव्य बनाने में सहयोग प्रदान करें।

## संक्षिप्त

### संभागीय आईटीआई में प्रवेश प्रारंभ

**रीवा .** शासकीय संभागीय आईटीआई में प्रवेश के लिए ऑनलाइन पंजीयन की अंतिम तिथि 30 जून निर्धारित की गयी है। प्रवेश के लिए व्यवसायवार न्यूतम योग्यता 8वीं व 10वीं तथा न्यूतम उम्र 14 वर्ष निर्धारित है। प्राचार्य आईटीआई से प्राप्त जानकारी के अनुसार संस्था में इलेक्ट्रिक मोटर मैकेनिक, वुड वर्क तकनीशियन, स्माल हाईड्रो पॉवरप्लांट, तकनीशियन, कॉस्मेटोलॉजी, कम्प्यूटर हार्ड वेयर एवं नेटवर्क मेंटेनेंस, कम्प्यूटर ऑपरेटर एवं प्रोग्रामिंग असिस्टेंट, दृष्टि बाधित, कम्प्यूटर ऑपरेटर एवं प्रोग्रामिंग असिस्टेंट, श्रवण बाधित कंम्प्यूटर ऑपरेटर एवं प्रोग्रामिंग असिस्टेंट, ड्राफ्टसमैन मैकेनिकल, इलेक्ट्रीशियन, इलेक्ट्रानिक्स मैकेनिकल, फैशन डिजाइन एवं टेक्नोलोजी, फिटर, मशीनिस्ट, मेसन, मैकेनिकल मोटर व्हीकल, डीजल मैकेनिक, प्लंबर धस्वग टेक्नोलोजी, सोलर तकनीशियन, स्टेनोग्राफर अंग्रेजी, स्टेनोग्राफर हिंदी, टर्नर, वेल्डर, सर्वेयर, ड्राफ्टसमैन सिविल रेफ्रिजरेशन एवं एयर कंडीशिनिंग तकनीशियन ट्रेड संचालित हैं।

### रिजफरो सीड कम फर्टिलाइजर ड्रिल बहुत उपयोगी

**रीवा .** दलहनी और तिलहनी फसलों में पानी की कम आवश्यकता होती है। इसी तरह सोयाबीन की फसल को भी कम पानी की आवश्यकता होती है। अधिक बारिश और जल भराव होने पर सोयाबीन के पौधे गलने लगते हैं। यही प्रभाव मूंग, उड़द, अरहर आदि की फसलों में होता है। इस समस्या को दूर करने के लिए रिजफरो सीड कम फर्टिलाइजर ड्रिल बहुत उपयोगी है। इसे किसी भी ट्रैक्टर से चलाया जा सकता है। इसके उपयोग से खेत में फसल की बोनी के लिए नाली और पतली मेड़ का चार की कतार में निर्माण होता है। सोयाबीन तथा अन्य फसलें मेड़ की ढलान पर बोई जाती हैं। अधिक वर्षा होने पर नालियों के माध्यम से पानी खेत से बाहर हो जाता है जिससे गलन की समस्या दूर होती है। यदि बारिश कम होती है तो मेड़ में संचित नमी पौधे के लिए उपयोगी साबित होती है। खेत में नाली और मेड़ बन जाने से इसमें अंतरवर्ती फसल भी ली जा सकती है। इसके उपयोग से कतार से कतार और पौधे से पौधे की दूरी निर्धारित हो जाती है जिससे उत्पादन में वृद्धि होती है। इसका उपयोग सोयाबीन सहित सभी दलहनी और तिलहनी फसलों के लिए बहुत कारगर है। इसकी खरीद में कृषि विभाग द्वारा अनुदान की सुविधा दी जा रही है।

### साक्षरता कार्यक्रम का जिला और खण्ड स्तरीय होगा प्रशिक्षण

**रीवा.** जिले की साक्षरता दर वृद्धि के लिए 15 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के औपचारिक शिक्षा से वंचित निरक्षकों को साक्षर बनाया जा रहा है। इसके लिए उल्लास नवभारत साक्षरता अभियान के तहत जिले के शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में कक्षाएं संचालित की जा रही हैं। साक्षरता अभियान के लिए तैनात बीईओ, बीआरसी, बीएएसी तथा अन्य अधिकारियों, कर्मचारियों का जिला स्तरीय प्रशिक्षण 30 जून को आयोजित किया जा रहा है। इस संबंध में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर ने बताया कि प्रशिक्षण में जिला परियोजना प्रबंधक आजीविका परियोजना विकासखण्ड प्रभारी डाइट भी शामिल होंगे। प्रशिक्षण जिला प्रौढ़ शिक्षा कार्यालय में सुबह 10 बजे शाम 6 बजे तक आयोजित किया गया है। श्री गुर्जर ने बताया कि जिले में एक से 3 जुलाई तक खण्डस्तरीय प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है। इसके बाद 6 से 7 जुलाई तक संकुल स्तरीय प्रशिक्षण तथा 9 एवं 10 जुलाई को नगरीय निकायों के वार्डों एवं ग्राम पंचायतों में प्रशिक्षण आयोजित किया जायेगा। प्रशिक्षण के लिए शिक्षा विभाग और जिला समन्वयक शिक्षा मिशन को आवश्यक व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी दी गई है। प्रत्येक प्रशिक्षण में अधिकतम 40 प्रतिभागी शामिल होंगे।

# ऑपरेशन प्रहार 2 .0 बाइक से 29 शीशी कोरेक्स के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

## हनुमना पुलिस ने बाइक और मोबाइल भी किया जब्त

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 26 जून.मऊगंज जिले की हनुमना पुलिस ने ऑपरेशन प्रहार 2.0 के तहत अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से 29 शीशी प्रतिबंधित नशीली कफ सिरप (कोरेक्स/आनरेक्स), एक पल्सर मोटरसाइकिल और एक एंड्रॉयड मोबाइल जब्त किया है। जब्त सामग्री की कुल कीमत करीब 1.37 लाख रुपए बताई गई है।**



थाना प्रभारी हनुमना अनिल काकडे के अनुसार शुक्रवार को मुखबिर से सूचना मिली थी कि दो युवक उत्तर प्रदेश के ड्रामनगंज की ओर से पल्सर बाइक पर नशीली कफ सिरप लेकर मध्य प्रदेश सीमा में प्रवेश करने वाले हैं। सूचना मिलते ही हनुमना थाना पुलिस ने डीपी होटल के पास घेराबंदी की। कुछ देर बाद संदिग्ध बाइक को रोककर तलाशी ली गई। आरोपियों के पास मौजूद काले रंग के बैग से 29 शीशी नशीली कफ सिरप बरामद हुई। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सूरज शुक्ला (19) निवासी बैरिहा थाना शाहपुर और कुलदीप मिश्रा उर्फ प्रभात (24) निवासी खटखरी थाना शाहपुर के रूप में हुई है। पुलिस ने दोनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धाराओं 8, 21, 22, 25, मध्य प्रदेश ड्रग कंट्रोल एक्ट की धारा 5/13 तथा बीएनएस की धारा 111(1) के तहत मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि नशीली कफ सिरप कहां से लाई गई थी और इसे किसे सप्लाई किया जाना था।

यह कार्रवाई पुलिस महानिरीक्षक रीवा जोन के निर्देशन में चलाए जा रहे ऑपरेशन प्रहार 2.0 के तहत की गई। कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक अनिल काकड़े के नेतृत्व में उप निरीक्षक रामदीन सिंह सहित हनुमना थाना पुलिस की टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस का कहना है कि जिले में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

### जिले में नि :शुल्क शव वाहन सेवा का प्रभावी संचालन

**रीवा 26 जून.** जिले में स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित नि:शुल्क शव वाहन सेवा निरंतर बेहतर ढंग से संचालित की जा रही है। इस सेवा के माध्यम से जरूरतमंद परिवारों को कठिन समय में त्वरित एवं सम्मानजनक सहायता प्रदान की जा रही है। इस संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि यह सेवा अस्पताल से मृतक के गृह ग्राम तक सुरक्षित एवं सम्मानपूर्वक परिवहन सुनिश्चित कर रही है, जिससे आमजन को बड़ी राहत मिल रही है। शव वाहन सेवा स्वास्थ्य विभाग की एक संवेदनशील एवं जनकल्याणकारी पहल है।

# जल गंगा संवर्धन अभियान का 30 को होगा समापन

**नवभारत न्यूज**

**रीवा 26 जून . जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में 19 मार्च वर्ष प्रतिपदा से जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है।**

अभियान का 30 जून को समारोहपूर्वक समापन किया जायेगा। इस संबंध में प्रभारी कलेक्टर अक्षत जैन ने कहा है कि सभी मुख्य नगर पालिका अधिकारी अपने निकाय में 30 जून को जल गंगा संवर्धन अभियान का समारोहपूर्वक समापन करायें। इसी तरह जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सभी ग्राम पंचायतों में समारोहपूर्वक समापन कार्यक्रम आयोजित करें। इन कार्यक्रमों में जिले के प्रभारी मंत्री जी, मंत्रीगण, सांसद जी, विधायकगण, जिला पंचायत के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सदस्यगण की सहभागिता सुनिश्चित करें। समारोह में जनपद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष तथा सदस्यगण एवं सरपंच तथा पंचगणों की भी भागीदारी सुनिश्चित करें। कार्यक्रम में जल गंगा संवर्धन अभियान के दौरान किये गये जल संरक्षण के कार्यों की जानकारी दें साथ ही वृक्षारोपण के लिए आमजनों को प्रेरित करें। अभियान में ग्रामीण विकास विभाग, नगरीय निकाय, वन विभाग, जल संसाधन विभाग, शिक्षा विभाग, कृषि विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, पीएचई, उद्योग विभाग तथा अन्य विभागों द्वारा जिले भर में जल संरक्षण और जागरूकता से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किये गये। अभियान में श्रेष्ठ कार्य करने वालों को सम्मानित भी करें।

# सजेगी कथक की भव्य शाम, 'गूँज महोत्सव' 5वां वर्ष 29 को

**नवभारत न्यूज**

**रीवा 26 जून. संस्कारधानी रीवा के कला प्रेमियों के लिए एक बेहद गौरवशाली और कलात्मक शाम का आयोजन होने जा रहा है।**

विगत 4 वर्षों की अपार सफलता के बाद, इस वर्ष भी कथक नृत्य पर आधारित 'गूँज महोत्सव' (एक शाम कथक के नाम) का पांचवां भव्य आयोजन 29 जून को कृष्णा राज कपूर ऑडिटोरियम, रीवा में होने जा रहा है। इस महोत्सव की भव्यता को निखारने के लिए बीते 20 मई से 28 जून तक एक विशेष कथक कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा था। इस कार्यशाला में तराशे गए कलाकारों की कला को अंतिम रूप देने और मंच प्रदान करने के लिए 29 जून को यह रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होगा।

**दिग्गज राजनेताओं और गणमान्य नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति**-कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के उप मुख्यमंत्री माननीय राजेंद्र शुक्ला जी उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि के रूप में महाराजा पुष्पराज सिंह जी शिरकत करेंगे.

### सुविख्यात नृत्यांगना मालती श्याम बिखेरेंगी जलवा

इस वर्ष गूँज महोत्सव का मुख्य आकर्षण देश की सुप्रसिद्ध कथक नृत्यांगना और पद्मविभूषण पंडित बिरजू महाराज की प्रिय शिष्या श्रीमती मालती श्याम जी होंगी। वे दिल्ली से अपनी पूरी टीम के साथ रीवा आ रही हैं और अपनी मंत्रमुग्ध कर देने वाली प्रस्तुतियों से रीवा वासियों को सराबोर करेंगी।

### जिले में तीन दिवसीय पल्स पोलियो अभियान 28 से

**रीवा 26 जून** देश प्रदेश के साथ-साथ रीवा और मऊगंज जिले से पल्स पोलियो का उन्मूलन वर्ष 2011 में हो गया है। लेकिन देश के आसपास के तीन देशों में पल्स पोलियो के मरीज पाये जाने के कारण सुरक्षा के लिए रीवा जिले में 28 जून से तीन दिवसीय पल्स पोलियो अभियान चलाया जायेगा। इस संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. यत्नेश त्रिपाठी ने बताया कि अभियान के दौरान पांच साल तक के सभी बच्चों को पोलियो की दवा दी जायेगी। अभियान के पहले दिन 28 जून को पोलियो बूथ पर दवा पिलाई जायेगी। इसके लिए रीवा और मऊगंज जिले में 2450 अधिक पोलिंग बूथ बनाये गये हैं।

# अंतरराष्ट्रीय नशा निवारण दिवस पर नशे के विरुद्ध अनोखा प्रदर्शन

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 26 जून. शराब की हजारों बोतल पर बुलडोजर चलाकर दिया नशा मुक्ति का संदेश महिलाएं हुई शामिल . अंतर्राष्ट्रीय नशा मुक्ति दिवस के अवसर पर रीवा में नशे के खिलाफ अनोखी पहल की गई शराब की हजारों बोतलों को जेसीबी से रौद दिया गया.**




समाज को नशे के खिलाफ जागरूक करने के लिए इस प्रदर्शन में महिलाएं एवं बच्चे भी शामिल हुए नशा मुक्ति के खिलाफ लंबे समय से लड़ाई लड़ रहे हैं समाज सेवी सुजीत द्विवेदी ने कहा कि नशे की आगोश में समाई युवा पीढ़ी को नशे के तिलिस्म से बाहर लाने के लिए आज लोगों को जागरूक करने का काम किया जा रहा है इस अनोखे प्रदर्शन के दौरान यह संदेश भी दिया गया कि नशा मुक्ति का अभियान हर देशवासी की नैतिक जिम्मेदारी है जिससे आने वाली युवा पीढ़ी स्वस्थ भारत के निर्माण में सहयोगी बने ना कि देश पर बोझ

रीवा के ट्रांसपोर्ट नगर में नशे के खिलाफ किए गए प्रदर्शन के दौरान काफी संख्या में स्थानीय लोगों ने नशे के खिलाफ आवाज उठाने का संकल्प लिया है

आज अंतर्राष्ट्रीय नशा मुक्ति दिवस पूरे देश में मनाया जा रहा है रीवा पुलिस नशे के खिलाफ कई तरह के अभियान चला रही है वही विद्यालय एवं कॉलेज में युवा पीढ़ी को जागरूक करने का प्रयास शासन स्तर पर किया जा रहा है इस तरह के कई समाज सेवी संगठन नशे के खिलाफ लोगों को जागरूक करने का प्रयास कर रहे हैं तो दूसरी ओर आज किया गया प्रदर्शन लोगों के लिए एक अलग ही संदेश होगा